# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.07.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, आज, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश, जागरूक एक्सप्रेस, सन्मार्ग ," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 17.07.2024

### लापरवाही मिलने पर वीडीए के दो फील्ड कर्मचारी कार्यालय से संबद्ध

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। दो फील्ड कर्मचारियों को क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण और प्लॉटिंग की जानकारी न होने पर नाराजगी जताई। साथ ही लापरवाही बरतने पर दोनों को कार्यालय से संबद्ध कर दिया। निरीक्षण के दौरान गंगापुर, दरेखू, रोहनिया, दशाश्वमेध में 10 बीघे में अवैध प्लॉटिंग मिलने पर फील्ड कर्मचारी दिनेश कुमार यादव से पूछा। जब वह कोई जवाब नहीं दे पाए तो उन्हें कार्यालय से संबद्ध कर दिया। जीवधीपुर घिसियारी रामनगर में 26 बीघे में अवैध प्लॉटिंग के बारे में राजेश कुमार कोई जवाब नहीं दे पाए। ब्यूरो

### 18 बीघे की अवैध प्लॉटिंग कराई ध्वस्त

वाराणसी। वीडीए की ओर से मंगलवार को हॉस्पिटल व मकान मालिकों के 8 अवैध निर्माणों और 18 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। डी ब्लॉक में 7 मकान मालिकों ने अतिक्रमण किया था, जिसे प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कराया। चौबेपुर गौराकला में बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए गुलाब यादव और जितेंद्र कुमार की ओर से 3 बीघा, लालपुर मीरापुर लमही में विनोद राय की ओर से 15 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। ब्यूरो

### किराया बकाया होने पर चार सरकारी विभागों को 15 दिन की मोहलत

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल की ओर से शास्त्री नगर में चार सरकारी विभागों पर किराया बकाया होने पर चेतावनी दी गई। अधिकारियों से कहा गया कि 15 दिन में धनराशि जमा नहीं हुई तो आवंटन निरस्त कर सील की कार्रवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम पर 71,25,610 रुपये, क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी पर 6,67,855 रुपये, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पर 3,61,252 रुपये, डाक तार विभाग पर 9,45,472 रुपये किराया बकाया है। क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम ने बताया कि लखनऊ मुख्यालय से पत्राचार किया गया है। क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी ने एक सप्ताह में भुगतान का आश्वासन दिया है। प्रभारी अधिकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने 15 दिन में भुगतान की बात कही है। पोस्ट मास्टर, डाक एवं तार विभाग ने बताया कि किराये के भुगतान को लेकर पत्राचार किया गया है। टीम में सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद्र दुबे, वरिष्ठ लिपिक शंकर उपाध्याय, पीआरओ पीयूष श्रीवास्तव शामिल रहे। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 17.07.2024

### अवैध निर्माणों पर शिथिलता में दो कर्मी संबद्ध

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग की शिकायतें मिलने पर दो फील्ड कर्मचारियों को कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। 10 और 15 जुलाई को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया था उस दौरान उक्त कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई थी। पूछताछ में उन्होंने अवैध निर्माणों के संबंध में अनभिज्ञता भी जताई।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 17.07.2024

# लालपुर में सात अवैध निर्माण ध्वस्त

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने मंगलवार को लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण के अंतर्गत डी ब्लॉक में एक निजी अस्पताल समेत सात अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, एई शिवजी मिश्रा, जेई अतुल मिश्रा मौजूद रहे। गौराकलां में बिना मानचित्र पास कराये दो बिल्डरों द्वारा तीन बीघा तथा लमही में 15 बिस्वा में अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया। कार्रवाई जोनल अधिकारी संजीव कुमार, जेई जयप्रकाश गुप्ता, विनोद कुमार ने की।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 17.07.2024

# वीडीए ने आर्यन हॉस्पिटल समेत सात घरों पर की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश क्रम में जोन-1 की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण के अंतर्गत प्राधिकरण की तरफ से केसी ड्रेन का कार्य संचालित है जिसमे डी. ब्लाक में मकान संख्या 226 आर्यन हॉस्पिटल द्वारा सरकारी रोड पर किये गये कब्जे को तथा डी-50 से डी-56 तक कुल सात मकानों के मालिको द्वारा अवैध अतिक्रमण किये हुए स्थानों को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, सहायक अभियंता शिवजी मिश्रा, अवर अभियंता अतुल मिश्रा एवं प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।

आज—दि0 17.07.2024

## अवैध प्लाटिंगको लेकर दो कर्मचारियोंपर गिरी गाज

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्गने अवैध प्लाटिंगको लेकर दो कर्मचारियोंके विरुद्ध काररवाई की है। निरीक्षणमें पाया गया कि गंगापुर रोड, देरखू, रोहनिया सहित अन्य जगहोंपर दस बीघा जमीनपर प्लाटिंग की जा रही थी जिसकी सूचना देनेमें फील्ड कर्मचारी दिनेश कुमार यादवने लापरवाही दिखायी। इसी तरह पांच क्षेत्रों जिउधीपुर, घिसियारीमें २६ बीघा जमीनपर प्लाटिंग की सूचना न देनेपर फील्ड कर्मी एवं वर्ग सुपरवाइजर राजेश कुमारको आफिससे सम्बद्ध कर दिया गया। जानकारीके अनुसार उपाध्यक्षने मौकेपर कई क्षेत्रोंमें बिना लेआउट पास कराये प्लाटिंगको लेकर नाराजगी व्यक्त की है और इसे लेकर कुछ और अधिकारियोंपर गाज गिर सकती है।

## तीन बीघा, १५ बिस्वापर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर मंगलवारको वार्ड सारनाथके मौजा गौराकलामें बिना मानचित्र स्वीकृत कराये तीन बीघा जमीनपर प्लाटिंग की जा रही थी। इसी प्रकार लालपुर, मीरापुर मौजा लमहीमें १५ बिस्वा जमीनपर प्लाटिंग की जा रही थी। शिकायत मिलनेपर क्षेत्रीय जोनल अधिकारी और अभियन्ताकी देखरेखमें काश्तकारको लेआउट प्लान पास करानेकी अनुमति पत्र मांगी गयी जिसे दिखानेमें वह असमर्थ रहा। अधिकारियोंके निर्देशपर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता जयप्रकाश गुप्ता, विनोद कुमार, प्रवर्तन दल एवं सुपरवाइजर सहित सम्बन्धित थानेकी पुलिसके सहयोगसे जेसीबीके माध्यमसे तीन बीघा, १५ बिस्वापर अवैध प्लाटिंगपर किये गये निर्माणको जेसीबीसे ध्वस्त करा दिया गया।

## अवैध निर्माणपर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर मंगलवारको लालपुर आवासी योजनाके प्रथम चरणमें मकान संख्या २२६ पर एक निजी अस्पतालके प्रबन्धकने सरकारी रोडपर कब्जा कर लिया था। इसी प्रकार डी ५० से डी ५६ तक सात मकान मालिकोंने सरकारी जमीनपर अवैध कब्जा करके अतिक्रमण किया हुआ था। इसकी शिकायत क्षेत्रीय लोगोंने विप्रा कार्यालयमें की थी। मंगलवारको जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्र, अवर अभियन्ता अतुल मिश्रा, प्रवर्तन दल सुपरवाइजरके अलावा क्षेत्रीय पुलिसके सहयोगसे अस्पताल सहित सात मकानोंके मालिकों द्वारा किया गया कब्जा ध्वस्त करा दिया गया। मौकेपर भवन स्वामियोंको अभियन्ताओंने चेतावनी दी कि भविष्यमें इस प्रकारका पुनः निर्माण होनेपर कानूनी काररवाई की जायेगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 17.07.2024

## वाविप्रा द्वारा 100 घंटे से कम समय में पास किया गया पांच सितारा होटल का मानचित्र

वाराणसी ।नगर में पांडेपुर से आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर आराजी सं0-93मि0, 94मि0, 95मि0व 96मि0, मौजा-हासिमपुर, परगना-शिवपुर, वार्ड-सारनाथ, जिला-वाराणसी पर स्थित 6129 वर्गमीटर के भूखंड पर पूर्व में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा 3दल्त ईऊ8 तल का होटल मानचित्र स्वीकृत किया था जिसमें कुल 196 रूम थे। विकासकर्ता द्वारा पूर्व में एफ़एआर 2.5 प्राप्त किया गया था जिसके अंतर्गत भवन की अधिकतम ऊंचाई 35.00 मीटर और सेटबैक 9.0 मीटर चारों तरफ स्वीकृत किया गया था, जिसके क्रम में विकासकर्ता द्वारा स्वीकृत मानचित्र की शर्तों के अनुसार निर्माण कार्य करते हुये पाँच सितारा होटल प्रारम्भ किया गया, जो वर्तमान समय में क्रियाशील है। विकासकर्ता श्री हीरलाल जायसवाल द्वारा प्राधिकरण से क्रय योग्य एफ़एआर स्वीकृत कराते हुये इस ङहोटल के विस्तार (हिंग्दह) का मानचित्र प्राधिकरण में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया। समस्त औपचारिकताओं एवं दस्तावेजों को जमा करने के बाद 100 घंटे से कम समयावधि में प्राधिकरण के मानचित्र अनुभाग द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है।

न्यायाधीश–दि0 17.07.2024

## वाविप्रा ने बकाये किराये की वसूली के लिए स्थल पर जाकर कार्यवाही की



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में 16.जुलाई को सम्पत्ति अधिकारी वीडीए के नेतृत्त में वी.डी.ए. की टीम द्वारा शास्त्री नगर स्थित चार सरकारी विभागों उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम, क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग तथा डाक तार विभाग पर किराये की सम्पत्तियों पर बकाये किराये की वसूली हेतु स्थल पर जाकर कार्यवाही की गयी। इन विभागों पर क्रमशः रू0 71,25,610.00, रू0 6,67,855.00, रू0 3,61,252.00 तथा रू0 9,45,472.00 वीडीए का किराये के मद में बकाया है। क्षेत्रीय प्रबन्धक यू0प्र0वि0नि0 द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध में लखनऊ स्थित मुख्यालय से पत्राचार किया गया है। क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में पूर्ण भुगतान का आश्वासन दिया गया। प्रभारी अधिकारी सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 15 दिन में किराये का सम्पूर्ण भुगतान कर दिया जायेगा। पोस्ट मास्टर, डाक एवं तार विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि किराये के भुगतान की कार्यवाही डाक तार अधीक्षक पश्चिमी क्षेत्र वाराणसी द्वारा किया जाता है। इस सम्बन्ध में उनसे पत्राचार किया गया है। सम्पत्ति अधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह चेतावनी दी गयी कि यदि 15 दिन के अन्दर किराये के भुगतान अथवा भवन क्रय की कार्यवाही नही की जाती है तो उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार आवंटन निरस्त कर कार्यालय सील की कार्यवाही की जायेगी। वसूली के लिये गयी वी.डी.ए. टीम में सम्पत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, सहायक सम्पत्ति अधिकारी रमेश चन्द्र दूबे, वरिष्ठ लिपिक शंकर उपाध्याय, पी.आर.ओ .पियूष श्रीवास्तव एवं दो रेन्ट कलेक्टर थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 17.07.2024

### वीडीए ने 100 घंटे में पास किया होटल का मानचित्र

**बड़ा सवाल- फिर नक्शा पास या शमन कराने के लिए महीनों तक क्यों दौड़ते हैं गरीब व आम जन**

जागरूक एक्सप्रेस संवाददाता




**वाराणसी।** पांडेपुर से आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर आराजी सं0-93मि0, 94मि0, 95मि0व 96मि0, मौजा-हासिमपुर, परगना-शिवपुर, वार्ड-सारनाथ, जिला-वाराणसी पर स्थित 6129 वर्गमीटर के भूखंड पर पूर्व में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा Double B+G+8 तल का होटल मानचित्र स्वीकृत किया था जिसमें कुल 196 रूम थे। विकासकर्ता द्वारा पूर्व में एफएआर 2.5 प्राप्त किया गया था जिसके अंतर्गत भवन की अधिकतम ऊंचाई 35.00 मीटर और सेटबैक 9.0 मीटर चारों तरफ स्वीकृत किया गया था, जिसके क्रम में विकासकर्ता द्वारा स्वीकृत मानचित्र की शर्तों के अनुसार निर्माण कार्य करते हुये पाँच सितारा होटल प्रारम्भ किया गया, जो वर्तमान समय में क्रियाशील है। विकासकर्ता हीरलाल जायसवाल द्वारा प्राधिकरण से क्रय योग्य एफएआर स्वीकृत कराते हुये इस होटल के विस्तार (Extension) का मानचित्र प्राधिकरण में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया। समस्त औपचारिकताओं एवं दस्तावेजों को जमा करने के बाद 100 घंटे से कम समयावधि में प्राधिकरण के मानचित्र अनुभाग द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है। पूर्व स्वीकृति के सापेक्ष विस्तार के पश्चात इस होटल प्रतिष्ठान में Double B+G+8 के स्थान पर 04 तल का विस्तारित होकर Double B+G+12 तल का हो जाएगा जिसमे 196 कमरों के स्थान पर अब 302 कमरे उपलब्ध होंगे।

वीडीए का यह कार्य निश्चित सराहनीय है लेकिन यह भी विचारणीय विषय है कि आखिर गरीब व आम लोगों को ऐसे ही काम जैसे नक्शा पास या निर्माण शमन कराने के लिए महीनों से वर्षों तक क्यों विभाग में दौड़ना पड़ता है। क्या उनके प्रयासों में या जुगाड़ में कमी रहती है या उनके कागजात नियमानुसार इस मामले के मुकाबले सही नहीं रहते या फिर उनकी जेबें हल्की रहती हैं कि वो वीडीए से अपना काम करा सकें?

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 17.07.2024

### वीडीए वीसी ने किया क्षेत्र भ्रमण, की कार्रवाई

जिला संवाददाता



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान अत्यधिक संख्या अवैध निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग पाए जाने पर फील्ड कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये फील्ड से स्थानांतरण कर कार्यालय से सम्बद्ध किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा 10.07.2024 को जोन-03 का स्थल निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान मौजा-गंगापुर रोड, ग्राम-दरेखू, रोहनिया, वार्ड-दशाश्वमेध के अंतर्गत अधिक संख्या में अवैध निर्माण एवं लगभग 10 बीघा में अवैध प्लाटिंग गतिमान पाए जाने पर संबन्धित फील्ड कार्मिक दिनेश कुमार यादव, सर्वे खलासी से पृच्छा करने पर उक्त अवैध निर्माण कार्य के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी। आपको सौपे गए कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन नहीं किये जाने एवं प्रवर्तन कार्य हेतु पदेन दायित्वों में शिथिलता बरते जाने पर फील्ड से स्थानांतरण कर कार्यालय से सम्बद्ध किया गया। इसके अतिरिक्त द्वारा 15.07.2024 को जोन-05 का क्षेत्र भ्रमण किया गया था। ग्राम-जीवधीपुर एवं घिसयारी, वार्ड-रामनगर के अंतर्गत अधिक संख्या में अवैध प्लाटिंग पाए जाने तथा ग्राम-जीवधीपुर तथा ग्राम-घिसयारी में लगभग 26 बीघा में विकसित प्लाटिंग के विरुद्ध प्राथमिकता पर ध्वस्तिकरण की कार्यवाही करने हेतु जोनल अधिकारी (जोन-5) को निर्देशित किया गया। संबन्धित फील्ड कार्मिक राजेश कुमार, वर्क सुपरवाइजर से पृच्छा करने पर उक्त प्लाटिंग के निर्माण कार्य के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नही करायी गयी। जिससे यह स्पष्ट होता है कि सौपे गए कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन नहीं किया एवं प्रवर्तन कार्य हेतु पदेन दायित्वों में शिथिलता बरते जाने पर फील्ड से स्थानांतरण कर कार्यालय से सम्बद्ध किया गया।

सन्मार्ग–दि0 17.07.2024

# लालपुर में सात भवनों पर चला बुलडोजर

## निजी अस्पताल का अवैध निर्माण ढहाया

## सभी भवन स्वामी को नोटिस जारी



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की। निर्धारित दायरे में अनाधिकृत निर्माण पर बुलडोजर चला तो कार्रवाई में प्लाटिंग भी ध्वस्त कराई। वीडीए ने कार्रवाई के दौरान लगभग निजी अस्पताल समेत 7 भवनों को जमींदोज किया, वहीं अवैध निर्माणों को सील कर दिया। कार्रवाई के बाद सभी संपत्तियों पर वीडीए ने अधिकार क्षेत्र का बोर्ड भी लगा दिया।

इस सभी संपत्तियों पर अनाधिकृत निर्माण का प्रयास करने पर कठोर विधिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी। फिलहाल वीडीए वीसी के निर्देश पर सभी को नोटिस जारी किया गया है

वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार को लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण के अंतर्गत डी ब्लॉक में एक निजी अस्पताल समेत सात भवन स्वामियों के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। डी-50 से डी-56 तक मकान मालिकों ने अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कराया था। जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, एई शिवजी मिश्रा, जेई अतुल मिश्रा समेत अन्य वीडीए कर्मियों ने कार्रवाई की। इसके अलावा गौराकलां में बिना मानचित्र पास कराये दो बिल्डरों द्वारा तीन बीघा तथा लमही में 15 बिस्वा चल रहे अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया। इस मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, जेई जयप्रकाश गुप्ता, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।